आत्म परमात्मनोरैक्यं प्रवदेत्, ऐक्यं नाम यथा जलसागरे पतितस्य जलेन वहिरन्तर्व्याप्तस्य तूलकणस्य तूणरूपेण भानं न भवति, किन्तु जलरूपेणैव, तथैव श्रीरामेण परमात्मना वहिरन्तर्व्याप्तस्य जीवस्य यथास्वेन रूपेण भानं न भवेत् किन्तु श्रीरामरूपेणैव तथा तिष्ठेत् तथैव 'रामोऽहम् ब्रह्मैवाहमस्मि सर्वं ह्येतद्ब्रह्म अयमात्मा ब्रह्म तत्त्वमसि' इत्येवं स्वयं (प्र) वदेत् । अन्यानपि प्रवदेत् पाठयेत् उपदिशेदित्यर्थः । उपनिषदि स्वाध्यायप्रवचने इति प्रवचनशब्दस्य पाठनार्थकत्वा वगमात् प्रवदनप्रवचनपदयोरेकार्थकत्वाच्च तस्य 'रामोऽहमिति वचनस्य तद्याथात्म्य बोधस्य च फलं वदिष्यत्युत्तर तापनीया श्रुतिः—"सदा रामोऽहमित्येतत् तत्त्वतः प्रवदन्ति

इससे प्राणवत् सत्ता स्फूर्तियों के प्रदान से जो जीवन के हेतु भूत है उस जगदात्म श्रीराम से वाहर भीतर व्याप्त जीव के श्रीराम से अभिन्न की सिद्धि होने से श्रीरामरूप स्व की उपपत्ति हो जाने से आत्मा और श्रीराम का ऐक्य वहुत श्रुतियों से प्रतिपादित हुआ है जैसे कि 'ब्रह्मैवास्मि, अयमात्मा ब्रह्म, सर्वं ह्येतद् ब्रह्म, तत्त्वमसि. इत्यादि श्रुतियों से 'ज्ञापित है । अतः अहं रामो न चान्योऽस्मि ब्रह्मैवाहं न शोकभाक् । सच्चिदानन्द रूपोऽहं नित्यमुक्त स्वरूपवान्' इस प्रकार प्रवदन करे मन से जाने वचन से वाले कि—मैं श्रीरामरूप हूं दूसरा नहीं हूं मैं ब्रह्म स्वरूप हूं शोगभागी नहीं हूं मैं सच्चिदानन्द रूपनित्य मुक्त स्वरूपा हूं इस प्रकार आत्मा को उपदेश दे । उपासक ब्रह्मज्ञाता अपने उपास्य स्वात्मा रूप श्रीरामजी की उपासना करे, दूसरे प्रकार से उपासना नहीं करे । ऐसा व्यासकृत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ये । न ते संसारिणो नूनं राम एव न संशयः ॥' इत्येषा । ऐक्य प्रवदने हेतुः प्राग्गुणेनेति पूर्वोक्तेन, न जगत्प्रवेशित्व जगत्प्राणत्वजगदात्मत्वगुणेनेत्यर्थः, तेन प्राणवत् सत्तास्फूर्ति प्रदानेन जीवनहेतुभूतेन जगदात्मना श्रीरामेणान्तर्बहिर्व्याप्तस्य जीवस्य रामादपृथक्त्वसिद्ध्या श्रीरामरूपत्वोपपत्तेरात्मराम-योरैक्यं बहुश्रुत्युक्तम् 'ब्रह्मैवाहमस्मि, अयमात्मा ब्रह्म, सर्वं ह्येतद् ब्रह्म, तत्त्वमसि' इत्येवमादिश्रुतिभिर्बोधितम् 'अहं रामो न चान्योऽस्मि ब्रह्मैवाहं न शोकभाक् । सच्चिदानन्दरू-पोऽहं नित्यमुक्तस्वभाववान् ।" इत्येवं प्रवदेत् मनसाज्ञानी-यात् वचसा वदेत् अन्यानप्युपदिशेदित्यर्थः । उपासको ब्रह्म

ब्रह्मसूत्र से मालूम होता है 'आत्मेति तू पगच्छन्ति ग्राह-यन्ति च' अपने उपास्य श्रीरामरूप आत्मा आराध्यदेव हैं इस बुद्धि से उसके नजदीक जाते हैं और आत्मा को ग्रहण कराते हैं । इस प्रकार से मन्त्रशेषार्थ को कहकर अत्र मन्त्रशेषके पदार्थ को कहता है—जीववाची नमः इस अव्यय पद से प्रसिद्ध आत्मा कहा जाता है तदात्मक चतुर्थी विभक्ति से तो आय कहा जाता है । ऐसी श्रुति है । 'नाम यह प्रसिद्धार्थक पद मन्त्रस्थ नमपद जीववाचक है ऐसा बोध कराता है । 'राम' इस प्रातिपदिक से आत्मा परमात्मा हैं ऐसा कहा जाता है । नमः पद के जीव वाचकत्व होने से श्रीरामपद से परमात्मवाचकत्वकी सिद्धि होती है राम प्रातिपदिक से पर जो चतुर्थी उच्चारित की जाती है, वह तदात्मिका है यानी आत्मा और परमात्मा के तादात्म्य की बोधिका है, उन दोनों के तादात्म्य सम्बन्ध को समझाती है, यह अर्थ है । पर उन दोनों के स्वरूपमात्र से नियन्तृ—नियम्यत्व सम्बन्ध होने से तो भेद समझाती है, व्यापक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वित् स्वोपास्यं स्वात्मतयैवोपासीत नान्यथेति व्यासप्रणीत ब्रह्मसूत्रादप्यवगम्यते 'आत्मेति तूपगच्छन्ति ग्राहयन्ति चे त्यस्मात्, एवं मन्त्रशेषार्थमुक्त्वाऽथ मन्त्रशेषस्य पदार्थमाह 'जीववाचिनमोनाम आत्मारामेति गीयते। तदात्मिका या चतुर्थीतया चायेति कथ्यते' इत्येषा। नामेति प्रसिद्धं मन्त्रगतं नमः पदं जीववाच्यस्ति, रामेति प्रातिपदिकेन आत्मा परमात्मा गीयते, नमः पदस्य जीवात्मवाचितया रामपदस्य परमात्मवाचकत्वोपपत्तेः तथा च नमोरामपदयो रात्मपरमात्मपरत्वे सति या चतुर्थी (तया) आयेति कथ्यते, रामप्रातिपादिकात् परमुच्चार्यते, सा तदात्मिका आत्म परमा-

व्यापकत्व रूप से तो व्याप्य व्यापक के सम्बन्ध के पृथक्त्व की सिद्धि से तो व्याप्य स्वरूप की स्थिति और प्रवृत्तियों की सब प्रकार से व्यापक की अधीनता से व्याप्य व्यापकों का अभेद कहती है। व्याप्य का व्यापक स्वरूप गीता वचन से मालूम होता है, सर्व पद के वाच्य शरीर में शरीरी रूप से और आत्म रूप से व्याप्त होने से सर्व स्वरूप भगवान् हैं अतः व्याप्य की व्यापक स्वरूप से श्रीरामजी का निर्वचन होता है। जो जन इस तारक षडक्षर महामन्त्र का नित्य जप करता है यानी उसके अर्थ के अनुसन्धान पुरस्सर हमेशा जप करता है उसके वर्तमान देह के अवसान में ही श्रीरामजी की प्राप्ति होती है, यह श्रीरामजी की उत्तर तापनीय उपनिषत् के विचार से मालूम होता है, 'य एतत् तारकं ब्राह्मणो नित्यमधीते इत्यादि—जो ब्राह्मण इस तारक षडक्षर महामन्त्र का नित्य जप करता है' वह पाप को पार कर जाता है यानी निष्पाप हो जाता है, फिर वह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्मनोस्तादात्म्यबोधिका–तयोस्तादात्म्य सम्बन्धं बोधयतीत्यर्थः । तयोः स्वरूपमात्रेण नियन्तृ नियम्यत्वेन च भेदं व्याप्यव्यापकत्वेन तु व्याप्यस्य व्यापकापृथक्त्वसिद्धेः, व्याप्यस्वरूपस्थिति प्रवृत्त्योः सर्वथा व्यापकाधीनतया व्याप्य व्यापकाभेदं च, वदति. व्याप्यस्य व्यापकस्वरूपत्वं गीता वचनादवगम्यते 'सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः' इत्यस्मात्, य एतत् तारकं षडक्षरं नित्यं जपति तदर्थानुसन्धानपूर्वकं तस्य वर्तमानस्यैव देहस्यान्ते श्रीरामप्राप्तिर्भवतीत्युत्तरतापनीयायाः 'य एतत् तारकं ब्राह्मणो नित्यमधीते स पाप्मानं तरति । स मृत्युं तरति । स भ्रूणहत्यां तरति । स वीरहत्यां

मृत्यु को जीत लेता है यानी अमर हो जाता है. वह भ्रूण की यानी गर्भस्थ जीव की हत्या को अतिक्रान्त करता है यानी भ्रूण हत्या से मुक्त हो जाता है, वह वीर हत्या को तैर जाता है, वह सर्व को तैर जाता है. वह जन्म मरण रूप संसार को तैर जाता है, यानी पुनर्जन्म तथा मरण रहित हो जाता है, वह सब पाप को तैर जाता है वह अविमुक्त यानी काशीक्षेत्र का आश्रित हो जाता है, वह महान् होता है और वह अमृतत्व यानी सायुज्य मोक्ष प्राप्त करता है, इस श्रुति के विचार से ज्ञात होता है । वह इस प्रकार से है–षडक्षर तारक महामन्त्र के नित्य जप में तत्पर रहता है वह नरक में नहीं जायगा क्योंकि उसके नरक प्राप्ति कारण सर्व पापों के विनाश होने से ऐसा 'स पाप्मानं तरति' इस वाक्य से शुरू कर 'सर्वहत्यांतरति' इस वाक्य पर्यन्त से । जिज्ञासा होती है कि–वह ब्रह्मलोक पर्यन्त किस स्वर्गादि लोक में जायगा इस संदेह में कहते है–कि–'स सर्वं तरति' वह सभी लोकों को पार कर श्रीराम धाम में जाता है । वह साधक विरजा को पार कर श्रीसाकेत से इधर ही बीच में रहता है ऐसी शंका समाधान के लिये कहते हैं वह सर्व को पार कर श्रीराम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तरति । स सर्वं हत्यां तरति । स संसारं तरति । स सर्वं तरति । सोऽविमुक्ताश्रितो भवति । स महान् भवति । सोऽमृतत्वं च गच्छती' त्यस्याः श्रुतेरर्थ विचारादवगम्यते । तथाहि षडक्षर तारकस्य नित्यजपपरो न तावन्नरकं गमिष्यति, कुतः ? तस्य नरक प्राप्तिहेतु सर्वपापविनाशादित्याह–'स पाप्मानं तरतीत्यारभ्य स सर्वहत्यां तरती–त्यन्तेन । न च स ब्रह्मलोकपर्यन्तेषु पुण्यलोकेषु मध्ये कस्मिंश्चिल्लोके स्वर्गादौ गमिष्यतीत्याह–'स सर्वं तरतीति किन्तु परिशेषात् स्वस्वरूपमनुभूय जगत्पूज्यो भूत्वाऽमृतपदवाच्यं श्रीराम परधाम गमिष्यतीत्याह–सोऽविमुक्तात्मेत्यारभ्यामृतत्वं च गच्छतीत्यन्तेन । अत्र तरति गच्छतीति वर्तमान प्रयोगै

धाम में जाता है इतना ही नहीं किन्तु परिशेष से स्वस्वरूप का अनुभव कर जगत्पूज्य हो कर अमृत पदवाच्य श्रीरामजी के परधाम को प्राप्त करेगा ऐसा कहती है–'सोऽविमुक्तमाश्रितः' यहाँ से लेकर 'अमृतत्वं च गच्छति' इस पर्यन्त शब्द प्रपञ्च से । यहाँ 'तरति' गच्छति, इन वर्तमान कालिकप्रयोगों से वर्तमान देह के अन्त में ही सब पापों से रहित हो कर श्रीरामपद की प्राप्ति सूचित की गई है, यदि वर्तमान देह के अन्त में श्री रामपद प्राप्ति नहीं होती तो 'तरिष्यति' गमिष्यति' इस प्रकार भविष्यत्कालिक प्रयोग करते ।

यहाँ ब्राह्मण शब्द 'ब्रह्मबुभूषे' इस अर्थ का वाचक है न कि ब्राह्मण जाति परक है, इस में प्रमाण है कि–'शुचिव्रतपराः शूद्रा धार्मिका द्विजसेवकाः । स्त्रियः पतिव्रताश्चान्ये प्रतिलोमानुलोमजाः ।। लोकाश्चाण्डाल पर्यन्ताः सर्वेऽप्यत्राधिकारिणः । स्वजातिकर्म निरता भक्ताः सर्वेश्वरस्य ये । इस अगस्त्य संहिता में चाण्डाल पर्यन्त के षडक्षर मन्त्र के अधिकारिता के वचन से । 'शुचिव्रत' इत्यादि–शुचिव्रत में तत्पर धर्माचरण करने वाले द्विजों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

र्वर्तमानस्यैव देहस्यान्ते सर्वपापराहित्य पूर्वकं श्रीरामपदप्राप्तिर्ज्ञापिता भवति । अन्यथा तरिष्यति गमिष्यतीत्येवं वक्तव्यात् (अवक्ष्यत्) अत्र ब्राह्मणशब्दो ब्रह्ममुमुक्षुस्वर्थकः, न तु ब्राह्मणजातिपरः 'शुचिव्रततमाः शूद्रा धार्मिका द्विजसेवकाः । स्त्रियः पतिव्रताश्चान्ये प्रतिलोमानुलोमजाः ॥ लोकाश्चाण्डाल पर्यन्ताः सर्वेऽप्यत्राधिकारिणः ॥ स्वजातिकर्मनिरता भक्ताः सर्वेश्वरस्य ये ।" इत्यगस्त्यसंहितायां चाण्डालपर्यन्तस्य षडक्षराधिकारितोक्तेः । हारीतेऽप्युक्तं तथैव 'ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः स्त्रियः शूद्रास्तथेतरे । सर्वेऽप्यधिकारिणोऽस्यह्यनन्यशरणा यदि । इति "गर्भजन्म जरामृत्युतारकं सर्व देहिनाम् । स्वभक्तवत्सलं राममन्त्रं सम्यगुपास्महे" ॥ इति

की सेवा करने वाले शूद्र, पतिव्रतास्त्रियाँ प्रतिलोमज यानी शूद्रादि से वैश्यादि में उत्पन्न अनुलमज ब्राह्मणादि से क्षत्रियादि में उत्पन्न चाण्डाल पर्यन्त सब लोग इस षडक्षर तारक मन्त्र के अधिकारी हैं । सर्वेश्वर यानी सभी के स्वामी परमात्मा के जो स्वजाति कथित कर्म में लगे हुए हैं वे षडक्षर मन्त्र के अधिकारी हैं । यह वचन है । 'गर्भजन्म जरा मृत्यु–तारकं सर्वदेहिनाम । स्वभक्तवत्सलं राममन्त्रं सम्यगुपास्महे ॥ सभी प्राणियों के गर्भजन्म जरा और मृत्यु के तारक अपने भक्तों के वत्सल श्रीराम मन्त्र की हम उपासना किया करते हैं । इस षडक्षर महा मन्त्र का नित्य जापी जन अर्चिरादि मार्गों में रहने वाले उन लोकों के स्वामी अग्नि आदियों से पूजित हो कर अर्चिरादि मार्गों से परधाम में जायगा । यह कहती है–श्रीरामोपनिषत् श्रुति 'परमं मन्त्रराजं श्रीरामचन्द्रस्य नित्यमधीते सोऽग्निना पूजितो भवति, स ब्रह्मणा पूजितो भवति स विष्णुना पूजितो भवति, स रुद्रेण पूजितो भवति, स सर्वैर्देवैर्ज्ञातो भवति' इत्यादि–जो श्रीरामचन्द्र

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सोऽयं षडक्षरस्य नित्यजापी आर्चिरादिमार्गस्थैस्तत्तल्लोक स्वामिभिरग्न्यादिभिः पूजितोऽर्चिरादिमार्गेण परधाम गमिष्यतीत्याह-श्रीरामोपनिषच्छ्रुतिः—य एनं मन्त्रराजं श्रीरामचन्द्रस्य नित्यमधीते सोऽग्निना पूजितो भवति. स ब्रह्मणा पूजितो भवति स विष्णुना पूजितो भवति. स रुद्रेण पूजितो भवति स सर्वैर्देवैर्ज्ञातो भवतीत्याद्या ।

ये सन्ति ब्राह्मणा लोके वैष्णवाः श्रोत्रियाश्च ये ।
ब्रह्मज्ञानाय तेषां हि मन्त्रार्थोऽयं प्रकाशितः ॥१॥
श्रुत्युक्तोहि मन्त्रार्थोयं न स्मार्तो नापि कल्पितः ।
अतोऽत्र प्रीतिरधिका ब्राह्मणानां भविष्यति ॥२॥

ॐ इति रामतापनीयोपनिषद्भाष्यान्तर्गत—श्रीरामषडक्षरतारक मन्त्रस्य वेदोक्तार्थनिरूपणम् ॐ

जी का अत्यन्त उत्कृष्ट मन्त्रराज को नित्य जपता है, वह अग्नि से पूजित होता है, वह ब्रह्माजी से पूजित होता है. वह विष्णु से पूजित होता है, वह रुद्र से पूजित होता है. वह सभी देवों से ज्ञात होता है।

'ये सन्ति' इत्यादि—लोक में जो ब्राह्मण वैष्णव वेदाध्यायी है, उनके ब्रह्मज्ञान के लिये यह श्रीराम महा मन्त्रार्थ प्रकाशित किया यह श्रुति से कथित मन्त्रार्थ है न कि स्मार्त वा स्वकपोल से कल्पित यह मन्त्रार्थ है। इस हेतु से इसमें ब्राह्मणों की अधिक प्रीति इस मन्त्रार्थ में होगी ॥१—२॥

इति श्रीरामतापनीयोपनिषद्भाष्यान्तर्गत श्रीरामषडक्षर तारक मन्त्रस्य वेदोक्तार्थनिरूपण परक आनन्दभाष्यसिंहासनासीन-जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामेश्वरानन्दाचार्य प्रणीतातिसंक्षिप्तदीपिका

चलतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः ।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः ॥१॥

ॐ श्रीरामः शरणं मम ॐ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

卐 श्रीसीतारामाभ्यां नमः 卐

आनन्दभाष्यसिंहासनासीन

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामेश्वरानन्दाचार्य प्रणीतम्

संकटमोचनश्रीहनुमदष्टकम्

सङ्ग्रामे खलदुष्टहं कपिवरं श्रीरामदूतं वरं
सद्विद्यागुणमन्दिरं भयहरं भक्तिप्रदं सन्मतिम् ।
मायामारजितं च शोकशमनं लङ्काजितं चार्चितं
वन्देऽहं कपिनायकं पवनजं श्रीरामदूतं सदा ॥१॥
श्रीमद्रामपदारविन्दमधुपं रामे रतं सर्वदा
सीताशोकहरं प्रपन्नसुखदं विद्यावतां वै वरम् ।
यन्नामस्मरणं सुमङ्गलमयं पीडाहरं दुस्तरं
वन्देऽहं कपिनायकं पवनजं श्रीरामदूतं सदा ॥२॥
रामाराधनतत्परं सुखकरं बालार्कवर्णं वरम्
श्रीमद्रामचरित्रसागररसिकं रामे सुसक्तं सदा ।
धर्माधर्मविदं प्रभञ्जनसुतं विश्रामदायिद्रुमं
वन्देऽहं कपिनायकं पवनजं श्रीरामदूतं सदा ॥३॥
सीतायै सुखदं सदाशरणदं सन्तापहं तापहं
मृत्योर्भीतिहरं प्रसन्नवदनं ध्यानेस्थितं तं कपिम् ।
श्रीमद्रामपरायणं च सततं भक्तिप्रियं पावनं
वन्देऽहं कपिनायकं पवनजं श्रीरामदूतं सदा ॥४॥
श्रीमद्रामसुनामचिन्तनरतं वेदान्तविद्यानिधिं
श्रीमद्रामकथापवित्रमनसा श्रोतुं सदासोत्सुकम् ।
श्रीमन्तं मरुतात्मजं शरणदं शैलायुधं सर्वगं
वन्देऽहं कपिनायकं पवनजं श्रीरामदूतं सदा ॥५॥
हेलोत्पाटितद्रोणभूधरवरं सिन्दूरसिक्तं तनुं
रामाज्ञापरिपालकं परतरं देवादिवन्द्यं विभुम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीसीतारघुनाथपादयुगलासक्तं परं वैष्णवं
वन्देऽहं कपिनायकं पवनजं श्रीरामदूतं सदा ॥६॥
रक्षोकण्ठविदारिणी च भयदागुर्वीगदाधारिणं
भक्तिज्ञानविरागसंयुतकपिं बुद्धिप्रद पावनम् ।
स्वर्णाभं मुनिवन्दितं सुरवरं वीरं जनैर्वन्दितं
वन्देऽहं कपिनायकं पवनजं श्रीरामदूतं सदा ॥७॥
युद्धेकालसमानभीमविकटं भक्त्या च मुक्तिप्रदं
यस्याघातवशाच्च भूधरचरा भूमिं व्रजन्ति ध्रुवम् ।
यन्नामस्मरणं च नाशयति वै वेतालभूताद्भयं
वन्दे तं कपिनायकं पवनजं श्रीरामदूतं सदा ॥८॥

रामेश्वरार्यवर्येण प्रणीतं शुभमष्टकम् ।
मुक्तिमुक्तिप्रदं भूयात्पाठाद्विघ्नोपशान्तये ॥

श्रीसीतारामाभ्यां नमः
आनन्दभाष्यसिंहासनासीन
जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामेश्वरानन्दाचार्य प्रणीतं

मङ्गलाष्टकम्

मङ्गलं श्रीधरं जानकी जीवनं
व्यापिनं शाश्वतं सर्वभूतेश्वरम् ।
सर्वदा योगिभिर्भावितं भास्वरं
प्राणरूपं जगत् पालकं चाक्षरम् ॥१॥
सर्वलोकाश्रितं शिष्टसंसेवितं
शङ्कराराधितं शोकसंवर्जितम् ।
ब्रह्मरुद्रादिदेवैः सदा पूजितं
सिद्धिदं बुद्धिदं श्रीपतिं सुन्दरम् ॥२॥
सुप्रभं शाश्वतस्थानसंवासिनं
दुर्जयं धर्मकामार्थमोक्षप्रदम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निर्गुणं निर्विकल्पं सुरेसेश्वरं
शोकसन्तापहं रामचन्द्रं भजे ॥३॥
श्रीकरं शोभनं शोकसंहारिणं
भुक्तिमुक्तिप्रदं सुन्दरं स्रग्विणम् ।
वत्सलं मोहमुक्तं शिवाराधितं
सर्वरूपं सुरूपं सुराराधितम् ॥४॥
केवलानन्दरूपं रमाराधितं
सर्वदा भूषणैर्भूषितं भावितम् ।
धर्मरूपं धरापुत्रीसंसेवितं
सर्वभूताश्रयं रामचन्द्रं भजे ॥५॥
भूपतिं गोपतिश्च धनुर्धारिणं
सन्मतेर्दायिनं सर्वभूतस्थितम् ।
प्रकृतेः पारगं वारिजाक्षं परं
पावनं पावनानां भजेऽहं सदा ॥६॥
बन्धुभिःर्वानरैः सर्वदा सेवितं
संयुगे कालरूपं नमामीश्वरम् ।
भेदभिन्नं विषंभीतिसंहारिणं
मानसे राघवं सर्वदा संदधे ॥७॥
चर्चितं चन्दनैर्भालदेशे शुभं
मानुषाकारमोङ्कारमूलं हरिम् ।
मञ्जुलं मञ्जुलानां च गात्रं परं
मन्द मन्दस्मितं रामचन्द्रं भजे ॥८॥
देशिकेन्द्रार्यवर्येण रामेश्वरेण निर्मितम् ।
मङ्गलं पाठकृद्गच्छेच्छ्रद्धया रामसन्निधिम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीसीतारामाभ्यां नमः

आचार्यसार्वभौम श्रीपूर्णानन्दाचार्य प्रणीतम

श्रीरामपञ्चकम्

पूर्णो दिव्यतनुः परो रघुपतिर्लोकेऽजडेऽप्राकृते
पूर्णोदाशरथिर्विकाररहितो लीलाविभूतावपि ।
यो वेदैकनिरूपितश्च सदसद्रूपः परं ब्रह्म सः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥१॥

सद्बीजं जगतो जगत् त्रयगुरुः कर्त्ता तथा रक्षकः
संहर्त्ता जगतीतनुर्हि जगतश्चात्मा विभुः सर्वविद् ।
निर्दोषो जगदीश्वरो गुणनिधिर्नित्योऽजडः सौख्यदः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥२॥

सृष्टिः सज्जगतश्चराचरपतेर्यस्येक्षणाद् विश्रुता
भेदाभेदपरस्तथा श्रुतिगणो यत्रान्वितश्चास्ति सः ।
आनन्दैकनिधिः सुखद्धजलधिर्भिन्नश्चितश्चाचितः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥३॥

कारुण्याम्बुनिधिश्च यस्तनुभृतां प्राप्यस्तथा प्रापकः
सायुज्यं च ददाति योहि निजया भक्त्या प्रपत्त्याऽथवा ।
सर्वेशः स परात्परश्च रहितो वैषम्यनैर्घृण्यतः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥४॥

जायन्ते मृतिमाप्नुवन्ति च पुनर्लब्ध्वा न यं प्राणिनो
यञ्चोपेत्य भवेन्न वै तनुमतां लोके पुनर्जन्म सः ।
ब्रह्मेशानसुरेन्द्रवन्दितपदो भक्त्येकलभ्यः प्रभुः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥५॥

चिदानन्दार्यशिष्येण पूर्णानन्देन निर्मितम् ।
श्रीरामपञ्चकं भूयात् सर्वश्रेयः प्रदायकम् ॥६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

॥ स्पष्टीकरण ॥

(१) समीक्षासम्राट् दर्शनकेसरी श्रीवैदेहीकान्त शरण तुर्की मुजफ्फरपुर, (बिहार) ने दि. के पत्रद्वारा जनकपुरधाम (नेपाल) के पं. रामसागरदासजी की जिज्ञासा अवगत हुई । प्रकृत प्रसंग में प्रतिलिपि करते असावधानी हुई जिससे १३६ के स्थान में मात्र ३६ अंकित हुआ जिसकी प्रतिलिपि पुनः मैने अपनी स्मारिकामें की । उसमें भी मात्र ३६ ही अंकित हुआ जिसका अनुकरण आचार्यपीठ से प्रकाशित सभी निबन्ध प्रबन्धों में हुआ तथैव अन्य संस्थाओं से प्रकाशित साहित्य में भी इसी का अनुकरण हुआ काल गणना की ओर ध्यान नहीं गया । विश्राम द्वारका श्रीशेषमठ शींगडा पोरबन्दर सौराष्ट्र में जगद्विजयी महामहोपाध्याय जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरघुवराचार्यजी वेदान्तकेसरीने सम्वत् १९८८ में जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठ की स्थापना की । उस प्रसंग में जिस पुस्तिका में आचार्य परम्परा का उल्लेख हुआ है उसमें जगद्गुरु श्रीसदानन्दाचार्यजीका आविर्भाव माघशुक्ल पञ्चमी विक्रम सम्वत् ३३७ पूर्व एवं तिरोभाव वसन्त पञ्चमी विक्रमसम्वत् पूर्व ८० एवं जगद्गुरु श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी का आविर्भाव वैसाख शुक्ल तृतीया विक्रम सम्वत् पूर्व १३६ तथा तिरोभाव ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी विक्रम संवत २३६ अंकित है । यही तिथि जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामप्रपन्नाचार्यजी योगीन्द्र के पट्टाभिषेक प्रसङ्ग सम्वत् २००९ में अंकित है । तथैव मेरे सार्वभौमाभिषेक प्रसंग सम्वत् २०४६ में आनुपूर्वी रूप से अंकित है । अतः जगद्गुरु श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी का आविर्भाव विक्रम सम्वत् पूर्व ३६ के स्थानपर सुधार कर १३६ पढ लिया करें । एवं असावधानतया जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठों से प्रकाशित समस्त निबन्ध प्रबन्धों में अंकित ३६ के स्थान में सुधारकर १३६ पढ लिया करें ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठ स्मारक स्मृति ग्रन्थ के पृष्ठ ६३४ श्लोक २३ के प्रथम चरण को "रसाग्निब्रह्मपूर्वाब्दे" एवं उक्त स्मृति ग्रन्थ के पृष्ठ ३५ में ३६ के स्थान में १३६ तथा 'षट्त्रिंशदुत्तरशततमपूर्वम्' पढा जाय तथा 'जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जन्मोत्सव कथा' पृष्ठ १९ श्लोक २३ के प्रथम चरणको "षड्रामब्रह्मपूर्वाब्दे" पढा जाय, एवं "देशिकपरिचर्या" पृ० १९ के पंक्ति २ को "विक्रमतः षट्त्रिंशदुत्तरशततम" पढा जाय। तथा "महामहोपाध्याय स्मृति ग्रन्थ" पृष्ट ६६२ में अंकित ३६ को सुधार कर १३६ पढा जाय और 'जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य' के पृष्ट ३५ में ३६ के स्थान में १३६ एवं 'षट्त्रिंशद् पूर्वम्' के स्थान में "षट्त्रिंशदुत्तरशततमपूर्वम्" पढा जाय तथा आचार्यपीठों से "श्रीसम्प्रदाय कल्पलता" हिन्दी संस्करण एवं गुजराती संस्करण "आचार्य कीर्तिलता" "श्रीसम्प्रदाय दिग्दर्शन" 'श्रीरामानन्द सम्प्रदाय का संक्षिप्त परिचय' (हिन्दी एवं गुजराती संस्करण) प्रभृति जितने भी निबन्ध प्रबन्ध प्रकाशित हुये हैं उन सभी में जगद्गुरु श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी के आविर्भाव काल में जहां तहाँ भी विक्रम सं.पूर्व ३६ अंकित हो उन सभी स्थानों में विक्रम संवतपूर्व १३६ पढा जाय।

२ अनेक जिज्ञासुओं के एकाधिक पत्र आये हैं कि आनन्द भाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी का पूर्वाश्रम का नाम 'रामदत्त' था। क्या विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त में 'माया' को मिथ्या माना गया है? आनन्दभाष्यकारजी श्रीसम्प्रदाय के 'प्रवर्तक' हैं संस्कृत भाषा की आचार्य श्री ने उपेक्षा की है? 'सारण' नामक अपनी परम्परा में कोई आचार्य हुये हैं? श्रीरामानन्दीयों का अद्वैत एवं विशिष्टाद्वैत के बीच का सिद्धान्त है? एवं श्रीसम्प्रदाय (श्रीरामानन्द सम्प्रदाय) की अविकल परम्परा क्या है? तथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीरामानन्द सम्प्रदाय में वर्णाश्रम सम्बन्धी कोई व्यवस्था नहीं है प्रभृति प्रश्न समूह हैं। जिज्ञासु महानुभावों का प्रश्नों के आधारभूत ग्रन्थ कु॰ श्री अमिताशाह लिखित "काशी मार्तण्ड" नामक जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी का जीवनामृत सूचक पुस्तक है जिसके लेखन सहायकों में प्राक्कथन पृ.सं.१० में 'अहमदाबाद कोसलेन्द्रमठ के पीठाधीश्वर श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी' का उल्लेख होने से स्वाभाविकतया उक्त विषय हमारा अनुमत है ऐसा पाठकों को अनुभव होना स्वाभाविक है, अतः एतत् विषय में स्पष्टीकरण करना आवश्यक समझकर स्पष्टीकरण किया जा रहा है।

प्रकृत ग्रन्थ लेखिका कु. अमिताशाह उनके सम्मान्य गुरु देव महामण्डलेश्वर श्रीमहन्त स्वामी अभिरामदास त्यागीजी का अपने राम एवं आचार्यपीठ के परिचयात्मक पत्र लेकर मार्गदर्शन उद्देश्य से १९९०–९१ में एकाधिक बार आचार्यपीठ में आई। चर्चा प्रसंग में उनसे प्रस्तुत सभी प्रश्नों का श्रीसम्प्रदाय (श्री रामानन्द सम्प्रदायीय) मर्यादानुकूल समाधान ग्रन्थों के उद्धरणों के साथ कर दिया गया एवं आचार्यपीठ से प्रकाशित जगदाचार्य सम्बन्धी या श्रीसम्प्रदाय रहस्य तत्त्व सम्बन्धी पुस्तकें उन्हें प्रदान की गयी। अनन्तर के कार्यकलापों से आचार्यपीठ यानी मैं अनभिज्ञ रहा। दि. २८।४।९४ को लेखिका द्वारा किसी वाहक के हाथों भेजी प्रकृत पुस्तक प्राप्त किया। अन्य कार्यों में अति व्यस्त रहने के कारण समयाभाव होनेपर श्री आनन्दभाष्यकारजी से सम्बन्धित कृति होने से यत्र तत्र दृष्टिपात किया। जिन जिन अंशों के विषय में पाठकों ने विप्रतिपत्ति सी उद्भावित की उन उन अंशों में हमें भी विप्रतिपत्ति का अनुभव हुआ। अतः लेखिका श्रीशाहजी को पत्र लिखा ७।८/९४ को आई। प्रायः तीनेक घंटातक चर्चा विचारणा हुई। कई एक अंशों के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषय में उन्होंने विप्रतिपत्तियों में सहमति व्यक्त की एवं गुजराती संस्करण में संशोधन तथा प्रकृत काशी मार्तण्ड के पुनरावृत्ति में भी संशोधन हो जाने की बात कही तथापि सहायक मार्गदर्शक के रूप में मुझे प्रदर्शित किया गया। अतः धूली प्रक्षालनार्थं जिज्ञासु महानुभावों की जिज्ञासा की प्राथमिक शान्ति हेतु कुछ लिखा जा रहा है।

ऊपर प्रदर्शित विप्रतिपत्तियों से मैं यानी जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठ अहमदाबाद एवं श्रीसम्प्रदाय (श्रीरामानन्द सम्प्रदायीय) सत्साहित्य सहमत नहीं है। क्योंकि जगदाचार्य श्री के अवतार सूचक वैश्वानर संहिता का

'सोऽवातरज्जगन्मध्ये जतूनां भय संकटात्।
पारं कर्तुं हि धर्मात्मा रामानन्दः स्वयं स्वभूः।'
'रामानन्दः स्वयंरामः प्रादुर्भूतो महीतले'

में 'रामानन्द' इसी नाम से अवतार की सूचना है एवं श्रीरामानन्द सम्प्रदाय का सर्वस्वभूत सिद्धान्ताधार ग्रन्थ श्रीमद्वाल्मिकी संहिता में 'रामानन्देति भविता' इस प्रकार रामानन्द इसी नाम से अवतरित होने की सूचना है। भविष्यपुराण में भी 'रामानन्दस्ततोऽभवत्' 'रामानन्दस्तु बलवान्' इसप्रकार रामानन्द शब्द से ही आचार्य श्री की अवतार सूचना है। आचार्य श्री के सम्पूर्ण कार्य कलापों का सूचक परम प्रमाणभूत अगस्त्य संहिता के १३२ अ. श्लो. १३ 'रामानन्द इति ख्यातो लोकोद्धरण कारणः' इसप्रकार आचार्य श्री के विषय में एक से एक आगम ग्रन्थ 'रामानन्द' इसी नाम का उल्लेख कर रहे हैं तो कैसे एवं किस प्रामाणिक आगम ग्रन्थ के आधार पर जगदाचार्य श्री का पूर्वाश्रम का नाम 'रामदत्त' था माना जाय? जो यह विरक्त दीक्षा काल में नाम बदलने की परिपाटी के अभ्यास से लोगों ने आचार्य श्री के भी पूर्वाश्रम नाम की कल्पना की यह निराधार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है । विरक्त दीक्षा काल में नाम बदलने सम्बन्धी चर्चा है वह भगवन्नामातिरिक्त अन्य नाम परक व्यक्तियों के विषय में है न कि भगवन्नाम परक नाम वालों के विषय में एवं भगवदवतारभूत आचार्य या भगवदंश अथवा भगवदायुधावतार भूत आचार्यों के अवतार सम्बन्धी सूचना जिन जिन ग्रन्थों में जिस जिस नाम से उपलब्ध हैं वे उसी उसी नामों से प्रसिद्ध हुये । उनके पूर्वापर नाम सम्बन्धी पृथक् चर्चा कहीं उपलब्ध नहीं है तो आनन्द भाष्यकारजी के पूर्वाश्रम के नाम की निराधार कल्पना क्यों ? प्रकृत विषय का 'श्रीरामानन्दाचार्य जन्मोत्सव कथा' अगस्त्य संहिता के प्रकाश टीका से विशेष अनुसन्धान करें ।

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी का श्रौत विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त है जिसको आचार्य श्री ने 'एवञ्चाखिल श्रुतिस्मृतीतिहास पुराण सामञ्जस्यादुपपत्तिबलाच्च विशिष्टाद्वैतमेवास्य ब्रह्ममीमांसाशास्त्रस्यविषयो नतु केवलाद्वैतम्' (आनन्दभाष्य–१–१–१) प्रस्थान त्रयानन्दभाष्यों का सारभूत श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर के प्रथम परिच्छेद श्लो० ६, ७, ८, ९, में प्रकृति जीव एवं ईश्वर का पृथक् पृथक् निरूपण कर तीनों को पृथक्–पृथक् नित्यत्त्व के रूपमें दर्शाया है जिसकी प्रभा–किरण टीकाओं में मैंने सर्व श्रुतिस्मृति आगमादि के द्वारा उन तत्त्वों को श्रीभाष्यकार मतानुरूपस्थिर किया है जो वहीं द्रष्टव्य है । तथैव गीतानन्दभाष्य अध्याय २, श्लो. १२ में बडे ऊहापोह के साथ इतरमत निरसन पूर्वक प्रकृति, जीव एवं ईश्वर तत्त्व को स्थिर किया गया है । अतः माया तत्व मिथ्या नहीं है । वह सर्वेश्वर श्रीरामजी का अपृथक् सिद्ध विशेषण होने से नित्य तत्त्व है । 'प्रकृतिं पुरुषं चैव विध्यनादि उभावपि' यह गीता वचन प्रकृति को अनादि बतलाता है । अनादि पदार्थ मिथ्या कैसे ?

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी श्रीसम्प्रदाय के प्रवर्तक नहीं प्रवर्धक हैं । इस सम्प्रदाय के प्रवर्तिका जगज्जननी श्रीसीताजी हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आचार्य श्री तो 'सुशीलः समदृक् शान्तो दान्तः श्रीमान् जगद्गुरुः । पुनः सत्सम्प्रदायस्य वर्तयिता मुनीश्वरः ॥ (अगस्त्य संहिता अ० १३२ श्लो० २४) यह श्लोक स्पष्ट रूप से बतला रहा है कि देश काल आदि के प्रभाव से संकुचित होते हुए श्रीसम्प्रदाय के स्वरूप को पुनः प्रवर्धन करने वाले जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी होंगे अतः जिन महानुभावों को यह भ्रम हो कि आचार्य श्री ही इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं उन्हें प्रवर्धक के रूप में अनुसन्धान करना चाहिए । आचार्य श्री के प्रवर्धन से ही आप के ही नाम से श्रीरामानन्दसम्प्रदाय ऐसा नामाभिधान हुआ है, पर सम्प्रदाय का नाम 'श्रीसम्प्रदाय' अनादि काल से था अभी भी है । इस विषय में आचार्यपीठ अहमदाबाद से प्रकाशित विपुल साहित्य का स्वाध्याय करना चाहिए ।

जगदाचार्य श्री संस्कृत भाषा के उपेक्षक नहीं थे । प्रवर्धक एवं विपुल प्रचारक थे । उनके जितने भी प्रबन्ध उपलब्ध हैं वे प्रस्थानत्रयों—ब्रह्मसूत्र गीता एवं एकादशोपनिषदों के आनन्द भाष्य एवं श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर श्रीरामार्चन पद्धति परिशिष्ट के साथ ये सब संस्कृत भाषा में ही लिखे गये हैं । कितने ही व्यक्तियों ने या आधुनिक शोधकर्ता डाक्टरोपाधि धारियों ने आचार्य श्री को हिन्दी कविता लेखक के रूप में परिगणित करने का असफल प्रयास किया है पर यह सब निराधार एवं अयुक्त है । उन्हें 'रामानन्द' इतना नाम देखकर उन उन कविताओं के लेखक आचार्य श्री के होने का नाम साम्यतया भ्रम हुआ है । तथ्य एवं सिद्धान्त के ऊपर ध्यान नहीं दिये हैं । उन कविताओं में आचार्य श्री से प्रतिपादित संस्कृत ग्रन्थों के सिद्धान्तों के साथ स्नान सूतक का सम्बन्ध नहीं है । अतः वे आचार्य श्री की कृति नहीं हैं, अन्य किसी 'रामानन्द' नामधारी व्यक्ति के हैं । अभी सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से स्कन्द पुराण काशी खण्ड का दो टीकाओं के साथ प्रकाशन हुआ है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उसके 'प्ररोचना' में 'श्रीरामानन्दाचार्य की संस्कृत टीका' ऐसा लिखा है। ग्रन्थारम्भ में 'रामानन्दी टीका' लिखा है। मंगल श्लोक ४ 'अद्वैताब्जविकासकैकतरणिम्' श्लोक से अपने गुरुदेव 'श्रीरामेन्द्रवनाभिधम्' को यानी श्रीरामेन्द्रवन को नमन किया गया है। तो क्या यह जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी की कृति है? वे अद्वैतवादी थे! कोई या श्रीरामानन्दीय समाज मानने को तैयार हैं? नहीं तो जैसे नाम साम्य होने पर भी गुरु के नाम भिन्न तथा सिद्धान्त भिन्न होने से काशी खण्ड के टीकाकार अन्य हैं आनन्दभाष्यकार अन्य। तथैव हिन्दी कविताओं के रचयिता अन्य हैं आनन्दभाष्यकारजी नहीं। ब्रह्मसूत्र वृत्ति ब्रह्मामृतवर्षिणि में 'रामानन्दकृत' उल्लिखित है तो क्या ये आनन्दभाष्यकार जी हैं? जबकि सिद्धान्त वैषम्य होने से सुतरां अन्य सिद्ध होते हैं अतः नामसाम्य रूप हेतु से हिन्दी कविताकार आनन्दभाष्यकारजी थे, यह कहना हेत्वाभास है। हाँ आचार्य श्री ने प्रसंगोपात्त समयानुरूप तत्काल प्रचलित भारतीय लोक भाषा में सनातन धर्मियों को विधर्मियों के चंगूल से सुरक्षित रखने जो कि 'न वदेत् यावनीं भाषां प्राणं कण्ठ गतैरपि' के प्रवाह से मोढकर सनातन धर्माभिमुखी करने के उद्देश्य से समय-समय पर प्रवचन सदुपदेशादि किये एवं अपने प्रकृष्ट शिष्यों को भी आदेश दिये कि लोक संग्रह सनातन धर्म की सुरक्षा के लिए आवश्यक है अतः तदनुरूप प्रचार-प्रसार एवं उपदेश करो। इसी आचार्य श्री की आज्ञा का परिणाम है कि उत्तर वर्ती आचार्यों द्वारा चार्यों की कृतियाँ संस्कृत हिन्दी एवं नेपाली गुजराती आदि तत्तत् प्रान्तीय भाषाओं में उपलब्ध हैं जिसका विशिष्ट परिपाक एवं उभय भाषा का अमृतास्वादमय परिपाक आनन्दभाष्यकारजी के प्रशिष्य विश्वकवि कविकुल चूडामणि गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी की कृतियों में देखने में आता है।

'साण' का उल्लेख श्रीसम्प्रदाय (श्रीरामानन्द सम्प्रदाय) की किसी भी परम्परा में उल्लेख नहीं मिलता है। 'काशी मार्तण्ड' की लेखिका ने प्राक्कथन पृ. ९-१० में मानस तत्त्वान्वेषी डा०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीरामकुमारदासजी डी. लिट्. का उल्लेख किया है प्रकृत प्रबन्ध के आधार भूत ग्रन्थ के सत्यापन हेतु पर वे ही 'श्रीजानकी चरण चामर स्तोत्रम्' के टीका कार हैं। उस पुस्तक के पृ०सं. १४० में 'टीकाकार की श्री गुरु परम्परा' लिखकर आगे गुरु परम्परा का उल्लेख करते हैं–१–सर्वेश्वर श्रीरामजी महाराज २ जगज्जननी श्रीसीताजी महारानी ३ श्रीहनुमानजी ४ श्रीब्रह्माजी ५ श्रीवशिष्ठजी ६ श्रीपराशरजी ७ श्रीवेदव्यासजी (द्वैपायन कृष्ण) ८ श्रीशुकदेवजी ९–श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी (बोधायन) १०–श्रीगङ्गाधराचार्यजी ११– श्रीसदानन्दाचार्यजी––––प्रभृति। प्रस्तुत काशी मार्तण्ड' के पृ०सं, १३८ में दर्शाये अनुसार 'बोधायन शिष्य सारण ने' 'भाष्यकार सारण ने मन्त्र रहस्य अपने शिष्य पुरुषोत्तमाचार्य को प्रदान किया' का उल्लेख है वो इसका क्रम यों बना बोधायन के शिष्य सारण सारण के शिष्य पुरुषोत्तमाचार्य जब कि श्रीसम्प्रदाय (श्रीरामानन्दसम्प्रदाय) के अनेक सद् ग्रन्थों में निरूपित बोधायन एवं श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी एक हैं भिन्न व्यक्ति नहीं स्वतः जगदाचार्यजी गीतानन्दभाष्य मंगलाचरण श्लोक २ में 'व्यासंजिताक्षं शुकं श्रीमन्तं पुरुषोत्तमं गुणनिधिं गंगाधराधान्' लिखकर अपनी परंपरा स्पष्टकर रहे हैं तो सारण कहां से टपकपड़े। श्रीडाक्टर साहबजीने भी अपनी परम्परा में श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी (बोधायन) लिखकर दोनों को अभिन्न सिद्ध किया है काशी मार्तण्ड प्रबन्ध के मूलाधार प्रबन्ध के सत्यापकजी ही उस मूलाधार के प्रतिकूल अपनी परम्परा लिख रहे हैं तो इन सारणजी की क्या प्रामाणिकता? दार्शनिक सार्वभौम श्रीवासुदेवाचार्यजी ने 'बोधायनाख्यान' प्रबन्ध में दोनों को अभिन्न सिद्ध किया है। अतः श्रीरामानन्द सम्प्रदायानुयायी वर्ग श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी एवं बोधायनजी को एक अभिन्न व्यक्ति मानता है। आचार्यपीठ की यही प्रणाली है जो यहाँ से प्रकाशित अनेक ग्रन्थों के स्वाध्याय से स्पष्ट है। रही बात सिद्धान्त एवं परम्परा की यह भी उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट हो गया कि अद्वैत एवं विशिष्टाद्वैत के बीच का कोई त्रिशंकु सिद्धान्त श्रौत सिद्धान्त आज तक व्यक्त नहीं हुआ है। ऐसे मध्यवर्ती सिद्धान्त के विषय में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आचार्यपीठ से कई एक प्रबन्ध 'सिद्धान्त चन्द्रिका समीक्षा' दर्शन समीक्षा परीक्षा प्रभृति अनेक प्रबन्धों के स्वाध्याय से सिद्धान्त विषयक भ्रम को दूर करें। यदि विशिष्टाद्वैत नाम साम्यतया श्रीरामानन्ददर्शन एवं श्रीरामानुजदर्शन में भिन्नता क्या रही? ऐसी विचिकित्सा हो तो श्रीरामानुजाचार्य जी का विशिष्टाद्वैत श्रीकण्ठाचार्यजी का विशिष्टाद्वैत श्रीरामानन्दाचार्यजी का विशिष्टाद्वैत श्री पति आचार्यजी का विशिष्टाद्वैत तो क्या ये सब एक ही हैं? ध्यान दें उपास्य निरूपण के भेद से वाद-सिद्धान्त भेद होता है श्रीरामानुजाचार्यजी श्रीलक्ष्मीनारायण परक विशिष्टाद्वैत का प्रतिपादन करते हैं। श्रीकण्ठाचार्यजी शक्ति शिवपरक विशिष्टाद्वैत का प्रतिपादन करते हैं। श्रीरामानन्दाचार्यजी श्रीसीताराम परक विशिष्टाद्वैत का प्रतिपादन करते हैं। श्रीपति आचार्यजी वीरशैव परक विशिष्टाद्वैत का प्रतिपादन करते हैं। अतः चारों आचार्यों का 'विशिष्टाद्वैत' वाद शब्द साम्य होने पर भी प्रतिपाद्य के भेद होने से दर्शन में पृथकता सुतरां सिद्ध है। इसी तत्व को बोध कराने के लिए जगद्गुरु श्रीकेवलरामाचार्यजी ने प्रबोध रत्नमाला में निर्देश किया है 'रामानुजमताद भिन्नं श्रीरामानन्द सन्मतम्। मन्त्रोपास्येष्ट देवस्य भेदादेवेति निश्चितम्' अतः मन्त्रों एवं उपास्य देवों के भेद होने से सभी आचार्यों के सिद्धान्त भेद सुतरां सिद्ध है तथापि श्रीरामानुज दर्शन से श्रीपुरुषोत्तमाचार्य बोधायनानुमत श्रीरामानन्द दर्शन को 'श्रौत' युक्तियुतं मतं खलु विशिष्टाद्वैतकं यस्य सः' (ज.गु. श्रीसदानन्दाचार्य प्रणीत बोधायन पञ्चकम् ४)। 'विशिष्टाद्वैत सिद्धान्तो बोधायनानुमोदितः। वैदिको वैदिके मान्यः साधितः श्रुतियुक्तिभिः (श्रौतप्रमेयचन्द्रिका ज.गु. श्री श्रियानन्दाचार्यकृत ६।४५) एवं स्वतः आचार्य श्री आनन्दभाष्य कारजी के 'एवञ्चाखिल श्रुतिस्मृती---'आ. भा. १.१.१.' से विदित है कि श्रीरामानन्दीय विशिष्टाद्वैत दर्शन श्रौत विशिष्टाद्वैत दर्शन है। अतः यह वाद अन्य वादों से सुतरां पृथक् सिद्ध है।

परम्परा—श्रीरामानन्द सम्प्रदाय वैदिक सम्प्रदाय है। उसकी परम्परा सर्वेश्वर श्रीरामचन्द्रजी के जगत् जननी श्रीसीताजी को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रथमोपदेश से एवं जगत् जननी श्रीसीताजी के द्वारा आगे प्रवर्तन होने से श्रीसम्प्रदाय के नाम से विख्यात है जिसका उल्लेख "इममेवमनुं पूर्वं साकेत पतिर्मामवोचत । अहं हनुमते मम प्रियाय प्रियतराय । स वेद वेदिने ब्रह्मणे । स वशिष्ठाय । स पराशराय । स व्यासाय । स शुकाय" (मैथिली महोपनिषत्) । श्रीराम तापनीयोपनिषत के उत्तरभाग में 'त्वत्तो वा ब्रह्मणो वाऽपि ये लभन्ते षडक्षरम । जीवन्तो मन्त्र सिद्धास्युरन्ते माम्प्राप्नुवन्ति ते" । श्रीरामजी के इस उक्ति से श्रीराममन्त्र के के आगे प्रवर्धक श्रीब्रह्माजी एवं श्रीशङ्करजी हुए । अपनी यह धारा जिसमें जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी का अवतार हुआ । ब्रह्माजी सम्बन्धी है । जिसका उल्लेख आचार्य श्री ने "श्रीरामं जनकात्मजामनिलजं वेधो वशिष्ठावृषी योगीशञ्च पराशरं श्रुतिविदं व्यासं जिताक्षं शुकम् । श्रीमन्तं पुरुषोत्तमं गुणनिधिं गङ्गाधराद्यान् यतिन् श्रीमद्राघवदेशिकञ्च वादं स्वाचार्य वर्यं श्रये ।।" (गीतानन्दभाष्य मं. श्लो०२) इस प्रकार किया है इससे यह अवगत होता है कि इस सम्प्रदाय के आदि पुरुष आराध्य देव सर्वेश्वर श्रीरामजी हैं । उनसे अभिन्नरूपा पुरुषाकार स्वरूपिणा श्रीसीताजी श्रीहनुमानजी, श्रीब्रह्माजी, श्रीवशिष्ठजी, श्रीपराशरजी, श्रीव्यासजी, श्रीशुकदेवजी, श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी (बोधायन) श्रीगङ्गाधराचार्यजी, श्लोकस्थ आदि शब्द से श्रीसदानन्दाचार्यजी श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी, श्रीद्वारानन्दाचार्यजी, श्रीदेवानन्दाचार्यजी श्रीश्यामानन्दाचार्यजी, श्रीश्रुतानन्दाचार्यजी, श्रीचिदानन्दाचार्यजी, श्रीपूर्णानन्दाचार्यजी, श्रीश्रियानन्दाचार्यजी, श्रीहर्यानन्दाचार्यजी, का ग्रहण है । अपने गुरुदेव श्रीराघवानन्दाचार्यजी का तो श्लोक में उल्लेख है ही । अतः कुल संख्या २१ हुई । स्वतः श्रीभाष्यकार श्री२२ वों आचार्य हैं । अनन्तर द्वाराचार्यों उपाचार्यों प्रभृतिके भिन्न भिन्न परम्परायें चली जो आजतक भारत वर्ष में ही नहीं विश्व के कई भागों में व्याप्त हैं । जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ अहमदाबाद एवं विश्रामद्वारका की परम्परा ज.गु. श्रीभावानन्दाचार्यजी से प्रवाहित है । इनके बाद ज.गु. श्रीअनुभवानन्दाचार्यजी, ज.गु. श्रीविरजा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नन्दाचार्यजी, ज.गु. श्रीआशारामाचार्यजी, ज.गु. श्रीरामभद्राचार्य जी, ज.गु. श्रीरघुनाथाचार्यजी, ज.गु. श्रीविश्वम्भराचार्यजी, ज.गु. श्रीराघवेन्द्राचार्यजी, ज.गु. श्रीवैदेहीवल्लभाचार्यजी, ज.गु. श्रीकोसलेन्द्राचार्यजी, ज.गु. श्रीरामकिशोराचार्यजी, ज.गु. श्री जानकीनिवासाचार्यजी, ज.गु. श्रीसाकेतनिवासाचार्यजी, ज.गु. श्रीजानकीजीवनाचार्यजी, ज.गु. श्रीभरताग्रजाचार्यजी, ज.गु.श्री हनुमदाचार्यजी, महामहोपाध्याय जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी श्री रघुवराचार्यजी, जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामप्रपन्नाचार्यजी, आनन्दभाष्यसिंहासनासीन जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी इन सब आचार्यों के चरित्र का पूर्ण ज्ञान 'जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ स्मारक स्मृति ग्रन्थ' से करें।

वर्णाश्रमव्यवस्था–वर्णाश्रम व्यवस्था का श्रीरामानन्द सम्प्रदाय पूर्ण पक्षपाती है। क्योंकि सम्प्रदाय वैदिक है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति वेदाधारित हैं। वर्णाश्रम मूलक ही वेदतत्व है। इसीलिए श्रीआनन्दभाष्यकारजी ने अपने भाष्यों में बहुत से स्थानों पर वर्णाश्रम व्यवस्था का उल्लेख कर उसे अवश्य पालनीय बताया है। उसके विना तत्वज्ञान की प्राप्ती नहीं होगी। ज्ञान कर्म समुचित भक्ति के विना सायुज्य मुक्ति नहीं। जो मानव मात्रका चरम लक्ष्य है। 'एवं वर्णाश्रमोचित नित्यनैमित्तिक कर्माङ्गकम' (ई.आ.भा.१५), 'वर्णाश्रमोचित नित्य नैमित्तिक कर्म रूपांसह (११) "वर्णाश्रमाचार सेवन जनित पुण्यक्षालित कषायस्य (ब्र.सू.आ.भा. १.१,१) "वर्णाश्रम धर्मलोपे कल्मषमानसस्य विद्योत्पत्तिरेव न स्यात् अतोविद्यार्थत्वेन तदनुष्ठानमावश्यकम" (ब्र.सू.आ. भा.४,१,१६) 'यज्ञोदानंतपश्चैव वर्णाश्रमोचितानियज्ञादीनिकर्माणि' (गी.आ.भा. १८,५) "ब्रह्मविद्योपचायकस्य वर्णाश्रमनियतस्य नित्य-कर्मणः" (गी.आ.भा. १८,७) नियतं वर्णाश्रमाचारतया विहितय सङ्गरहितम् (गी.आ.भा.१८,२३) 'वर्णाश्रम धर्मतयावश्यानुष्ठेयम्' (गी.आ.भा.१८,६३) प्रभृति वाक्यांशों से विदित है कि जगदाचार्यश्री वर्णाश्रम धर्मों के प्रवल समर्थक थे, न कि मर्दक। आप श्री से ही ज.गु. श्रीसुरसुरानन्दाचार्यजी को निमित्त बनाकर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मानव कल्याण हेतु उपदिष्ट श्रीरामपूजापद्धति के साथ का श्री वैष्णवाचारपरक श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर दुनियां में किम से छुपा है ? ऐसे जगदाचार्य श्री को वर्णाश्रमाचार विरुद्ध के रूप में उल्लेख करना अपनी ही आचारविहीनता का द्योतक है । थालीपुलाक न्याय से दिग्दर्शन कराया गया है । इसी से श्रीरामानन्द सम्प्रदाय या जगदाचार्य सम्बन्धी स्वरूप को समझ लेना चाहिये एवं अन्य विरुद्धांशतया प्रतीयमानों को भी पूर्वोक्त परिप्रेक्ष्यों से समहित कर लेना चाहिये । विशेष जिज्ञासुओं को आचार्यपीठसे प्रकाशित विपुल सत्साहित्य एवं आचार्यपीठ पत्रिका का स्वाध्याय करना चाहिये ।

☫ पञ्चम पुण्य स्मृति ☫

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ अहमदाबाद में जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामप्रपन्नाचार्यजी योगीन्द्र की पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में भागवत कथा का भव्य आयोजन था इसी शुभ अवसर पर विगत वर्षों की भांति ता :–२–९–९४ शुक्रवार को वैष्णवाराधन का भी आयोजन हुआ ।

जिसमें जगप्रसिद्ध जगदीश मन्दिर के वर्तमान महामण्डलेश्वर श्री महन्त स्वामी रामेश्वरदासजी महाराज, श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल के प्रधान अध्यक्ष श्री महन्त महामण्डलेश्वर स्वामी शिवरामदासजी महाराज, महामन्त्री श्री मं. म. रामावतारदासजी (रत्न) श्री महन्त सियारामदासजी महाराज, दिगम्बर तख्ताधीश श्री महन्त जयरामदासजी महाराज श्रीरघुनाथदासजी महाराज श्रीभगवतदासजी महाराज झाडिया, श्रीपरमेश्वरदासजी महाराज प्रभृति सैकडों सन्त महन्त मण्डलेश्वरों के अतिरिक्त आचार्यपीठ के हजारों सेवकों ने भाग लिया । श्रीसुन्दररामाचार्य जी की व्यवस्था सराहनीय थी ।

ले० मं· रामसेवकदास आर· (रत्न)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

꣡ श्रीरामानन्दसम्प्रदाय के उत्कर्ष की दिशा में ꣡

ज्ञातव्य है कि अहमदाबाद स्थित श्रीजगदीश मन्दिर गौ सन्त, मानव सेवा के कारण गुजरात ही नहीं परन्तु सारे भारत में अपना योग्य स्थान बनाए हुए हैं।

श्री महन्त महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीरामहर्षदासजी महाराज की स्मृति में हुए भव्य विशाल वैष्णवाराधन के पूर्व पत्रकार परिषद् में यहाँ के कुशल व्यवस्थापकों ने घोषणा की थी कि गौ सन्त मानव, सेवा के साथ-साथ विश्व की श्रेष्ठतम मानवतावादी इस स्थान से सम्बन्धित श्रीरामानन्द संप्रदाय के प्रचार प्रसार में भी विशेष ध्यान दिया जायगा।

अब इस दिशा में प्रयत्न प्रारंभ हो गया है। इसके प्रथम प्रयास में स्थानीय श्री महन्त महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीरामेश्वर दासजी महाराज ने श्रीरामानन्द वेदान्त साहित्य के प्रचार में सहायक रूप श्रीरामानन्द वेदान्त के स्थाई कोष में पाँच हजार एक (५००१) रुपया देकर पहल की है।

श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल तो पहले ही इस कार्य को विशाल रूप प्रदान करने के लिये कृत संकल्प है। अभी जगदीश मन्दिर के नवीन श्री महन्तजी, विवेक सम्पन्न साक्षर ट्रष्टी श्रीमहेन्द्र झा, व्यवस्थापक श्रीपरमेश्वरदासजी, आदि का श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल के प्रधान अध्यक्ष श्री महन्त महामण्डलेश्वर स्वामी शिवरामदासजी महाराज महामन्त्री श्रीमहामण्डलेश्वर स्वामी श्रीरामावतारदासजी (रत्न) के साथ एक बृहद् विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

जिसमें प्रान्तीय अथवा राष्ट्रीय स्तर पर आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जयन्ती मनाना श्रीरामानन्द वेदान्त के विद्यार्थियों, जिज्ञासुओं, शोध प्रबन्धलेखकों आदि को किस प्रकार अधिक से अधिक सहायता प्रदान की जा सके आदि विषयों पर विषद् चर्चाएं हुई।

श्रीरामानन्दसम्प्रदाय का उत्कर्ष चाहने वालों सन्त महन्तों से यह अनुरोध किया गया कि इस दिशा में अपने शुभ सुझाव जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ पालडी अहमदाबाद-३८०००७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दूरभास ४११००१ सरयु तीर्थ मन्दिर प्रेम दरवाजा अहमदाबाद १ दूरभाम ३८५६८६ वेदान्तपीठ सारंगपुर पुल के नीचे अहमदाबाद २ दूरभास ३८६६८६, ३४०६६५ के पते पर भेज सकते हैं। अपनी प्रतिष्ठानुरूप सहायता भी इन्ही स्थानों पर भेज कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अस्तु

ले. मं. मं. रामावतारदासजी (रत्न) वेदान्तपीठ सारंगपुर पुलनीचे अहमदाबाद–गुजरात ३८०००२

श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल का वैष्णवाराधन

अहमदाबाद सैजपुर अन्तर्गत धनुर्धारी सोसायटी में पीपा जी गुरु श्रीरामानन्द आश्रम के साकेत वासी महन्त श्रीगोकुल दासजी महाराज की पुण्य स्मृति में आपके सुयोग्य शिष्यों तथा सेवकों के सद् प्रयत्न से ता:-३-९-९४ रविवार को श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल के भव्यतम श्रीवैष्णवाराधन का आयोजन रखा गया,

इसमें सर्व श्री जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्री स्वामी रामेश्वरानन्दाचार्यजी महाराज के प्रतिनिधि एवं विश्व विख्यात श्री जगदीश मन्दिर के श्रीमहन्त महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीरामेश्वरदास जी महाराज श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल के प्रधान अध्यक्ष श्री महन्त महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीशिवरामदासजी महाराज, महामन्त्री श्रीमहामण्डलेश्वर स्वामी श्रीरामावतारदासजी (रत्न) श्री मं. म. मं. सियारामदासजी महाराज तथा मण्डल के करीब सभी महन्त महानुभाव तथा सेकडों सन्तों और हजारों सेवकों ने भाग लिया।

ज्ञातव्य है, श्रीगोकुलदासजी महाराज जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी महाराज के शिष्य श्रीपीपाजी के द्वारे के सन्निष्ठ सन्त तथा खाखी अखाडे के सम्माननीय नागा अतीत थे, अभी कुछ समय पूर्व ही आपने श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल के भव्यतम समाराधन का आयोजन किया था। उस प्रसंग में आनन्दभाष्यसिंहासनासीन, जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी महाराज का पदार्पण हुआ था उनके साकेत वास के समय भी श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल के अध्यक्ष महामन्त्री तथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सन्त महन्त ही आपकी अन्तिम यात्रा तथा श्रद्धाञ्जली सभा के समय उपस्थित थे, साकेतवास के ठीक ८ दिन पूर्व ही आपने अध्यक्ष एवं मन्त्रीजी को बुलवा कर मण्डल के प्रति अपनी हार्दिक निष्ठा व्यक्त की थी।

इन्हीं सब कारणों को देखते हुए आपके शिष्यों एवं खास कर सेवकों ने बार-बार आग्रह कर श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल को बुलवा कर मण्डल के नियमानुसार वस्त्र भेट, लाणी से सभी का स्वागत सत्कार किया, तत् पश्चात ही विशाल सेवक वर्ग ने अपने पूज्य गुरुदेव के साकेतवासोत्सव निमित्तक प्रसाद ग्रहण किया,

भगवत निष्ठा एवं गुरु निष्ठा का इतना अनुपम उदाहरण देकर आपके शिष्यों एवं सेवकों ने सन्त समाज को भी यह बताया कि निष्ठा तिलक, अखाडा द्वारा या परिवार की मौहताज नहीं है, तथा श्रेष्ठ समाज या संगठन वही है, जो स्वार्थ समय में ही नहीं आपत्ती के समय भी साथ खडा रहे अस्तु

ले० श्रीकमलेशदासजी शास्त्री

कर्णावती नगर में श्रद्धा सम्पन्न श्राद्ध

श्री रामानन्द सम्प्रदाय के गढ समान गुजरात के प्रमुख ओद्योगिक नगर कर्णावती नगर में प्रतिवर्ष की भाँती इस वर्ष भी श्रद्धा के साथ पूर्वाचार्यों-पूर्वजों हेतु श्रद्धाञ्जली सम्पन्न हुई

श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मंडल के सन्त महन्तों के स्व स्थान या जहाँ मण्डल के सदस्यों को आमंत्रिअ किया गया उनमें सर्व श्री २३।९।९४ को दिगम्बर तडाधीश श्री मं. जयराम दासजी महाराज ने पूर्व श्री मं. नारायणदासजी महाराज के निमित्त वैष्णवाराधन का विशाल आयोजन किया इसका कुशल संचालन मं. श्री मोहनदासजी के द्वारा सम्पन्न हुआ २६।९।९४ को वीरमगाम स्थित श्री राममहल में श्री जगदीशदासजी महाराज की पुण्यतिथि पर आपके सुयोग्य शिष्य श्री मं. रामकुमारदासजी महाराज ने विशाल वैष्णवाराधन किया- २७-९-९४ को धनसुरा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीरामजी मंदिर के महन्त रामायणी श्रीअवधविहारीदासजी महाराज ने श्री मं. भगवानदासजी महाराज की तिथि मनाई । २८।९।९४ को विश्व विख्यात गौ सन्त सेवी संस्थान जगदीश मन्दिर में श्रीमहंत सेवादासजी महाराज की पुण्य तिथि पर श्रीमहन्त रामेश्वरदासजी महाराजने भव्य वैष्णवाराधन का आयोजन किया ।

२९–९–९४ को तीन देवडा मंदिर वेदान्त पीठ में पंडित सम्राट् स्वामी श्री वैष्णवाचार्यजी महाराज की तिथि पर भव्य वैष्णवाराधन का आयोजन श्रद्धा के साथ महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीरामवतारदासजी (रत्न) द्वारा सम्पन्न हुआ ।

३०–९–९४ को नर्सिंह मंदिर–भंडारी पोळ में मं. श्री पुरषोत्तमदासजी महाराज की पुण्य तिथि स्थानीय कर्मनिष्ठ मं० श्री अवधविहारीदासजी महाराज द्वारा मनाई गई ।

तारीख २–१० ९४ को विख्यात सन्त सेवी संस्थान श्री सरयुतीर्थ रामजी मंदिर में साकेतवासी श्री मं. रामशरणदासजी महाराज की पुण्य तिथि पर सुभव्य वैष्णवाराधन का आयोजन श्री मं. महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीशिवरामदासजी महाराज द्वारा सम्पन्न हुआ ।

तारीख ५–१०–९४ को वाडीगाम स्थित श्रीनीलकंठ महादेव में श्री मं नारायणदासजी महाराज का श्राद्ध श्री मं. प्रेमदासजी महाराज द्वारा परिपूर्ण हुआ ।

इन सभी आयोजनों में अधिकांश या संपूर्ण श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णवमंडल के सन्त महन्त महामण्डलेश्वर आमंत्रित किए गये ।

जैसा कि ज्ञात ही है कि श्राद्ध पूर्वाचार्य संत महंत या व्यक्ति से ही सम्बन्धित होता है । इसी कारण इस वर्ष श्री रामानन्द विरक्त वैष्णव मंडल ने इस वैष्णवाराधन के साथ कई स्थानों पर उन विषयों पर गंभीरतासे विचार किया साथ जिनसे हमारे पूर्वाचार्यो द्वारा दी गई विपुल साहित्य संपदा हमारी अक्षुण्ण परम्परा पर कोई आँच न आने पाये, इन सभी तत्थ्यों को आने वाले अंकों में प्रकाशित किया जाएगा ।

ले. रामबालकदास गुरु श्रीरामावतारदास (रत्न)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu